सावन के 11 दिन बाद जिले पर मेहरबान हुए मेघ

झमाझम बारिश से खिले किसानों के चेहरे, गर्मी से लोगों को मिली राहत, फसलों को मिला नया जीवन

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। लंबी प्रतीक्षा के बाद आखिरकार सावन के 11 दिनों बाद जिले में बादलों ने अपना असर दिखाया है। शनिवार रात से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला रविवार को भी दिनभर रुक-रुक कर जारी रहा। लगातार हो रही हल्की से मध्यम बारिश ने जहां लोगों को गर्मी और उमस से राहत दिलाई है, वहीं लंबे समय से बारिश की राह तक रहे किसानों के सूखे खेतों को नया जीवन दे दिया है।

दरअसल आषाढ़, सावन माह में बारिश न होने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें गहरी होती जा रही थीं। फसलें सूखने की कगार पर पहुंच रही थीं और खेतों की नमी पूरी तरह खत्म हो चुकी थी। तो वहीं जलस्त्रोत भी सूखने लगे थे, जिससे लोगों को पीने के पानी चिंता सताने लगी थी, इसी बीच शनिवार रात और रविवार को हुई बारिश के बाद अब सूखे पड़े खेतों में पानी

देखने को मिल रहा है। कृषि विशेषज्ञों और किसानों के अनुसार, यह बारिश सोयाबीन, मक्का और अन्य खरीफ फसलों के लिए अमृत समान साबित होगी, फसलों की पैदावार में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा।

24 घंटों के आंकड़े और तापमान में गिरावट:

मौसम विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटों (शनिवार सुबह 8 बजे से रविवार सुबह 8 बजे) में जिले में औसतन 4.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिसमें ईसागढ़ में सबसे ज्यादा 10 मिलीमीटर, मुंगावली में 5 मिलीमीटर और अशोकनगर तहसील 3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। हालांकि, जिला मुख्यालय की तुलना में कई ग्रामीण अंचलों में आंकड़ों से कहीं अधिक तेज और झमाझम बारिश दर्ज की गई है। इस बारिश से जिले के तापमान में भी भारी गिरावट आई है। वर्तमान में अशोकनगर का अधिकतम तापमान 29 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री दर्ज किया गया है, जिससे मौसम खुशनुमा हो गया है।

अगले दो-तीन दिन ऐसा ही रहेगा मौसम:

मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि आने वाले 2 से 3 दिनों तक जिले में बादलों की आवाजाही बनी रहेगी और रुक-रुक कर हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रहेगा। इससे जल स्त्रोतों के जलस्तर में भी सुधार आने की उम्मीद है।

आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देने के लिए 20 बॉडी वार्न कैमरों से लैस हुए पुलिसकर्मी, मिली ट्रेनिंग

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। पुलिसिंग में पारदर्शिता, जवाबदेही और आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देने के लिए जिला पुलिस ने एक बड़ी पहल की है। पुलिस मुख्यालय भोपाल से मिले 20 बॉडी वॉर्न कैमरों का वितरण पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले के समस्त थानों को किया गया। इस दौरान पुलिस कर्मियों को कैमरों के सही संचालन, उपयोग और रिकॉर्डिंग का प्रशिक्षण भी दिया गया। इन बॉडी वॉर्न कैमरों का उपयोग मुख्य रूप से वाहन चेकिंग, कानून-व्यवस्था (लॉ एंड ऑर्डर) की ड्यूटी, घटना स्थल की कार्रवाई और मुकदमों की विवेचना के दौरान किया जाएगा। इससे पुलिस की कार्यप्रणाली अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और

जन-अनुकूल बनेगी।

साक्ष्य संकलन और सुरक्षा होगी मजबूत:

पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि तकनीक का यह उपयोग पुलिस और आमजन के बीच विश्वास को मजबूत करेगा। कैमरों की मदद से घटनाओं के दौरान सटीक साक्ष्य (एविडेंस) जुटाने और सुरक्षित रखने में आसानी होगी। यह पहल न केवल ऑन-ड्यूटी पुलिसकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी, बल्कि आम नागरिकों के अधिकारों की रक्षा में भी अहम भूमिका निभाएगी।

एक नजर में

हर घर तिरंगा यात्रा अभियान का प्रभारी मंत्री ने का शुभारंभ

नवभारत अशोकनगर। प्रदेश के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने रविवार को विमानों के चबूतरा से गांधी पार्क तक हर घर तिरंगा यात्रा में शामिल होकर जिले में हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान का गायन किया गया।

प्रभारी मंत्री श्री शुक्ला ने तिरंगा यात्रा में सहभागिता करते हुए नागरिकों से अभियान में उत्साहपूर्वक भागीदारी करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से नागरिकों में राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य आमजन को राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना से जोड़ते हुए स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जनभागीदारी को बढ़ावा देना है।हर घर तिरंगा अभियान आगामी 17 अगस्त तक संचालित किया जाएगा।

रेडक्रॉस सोसायटी एवं सेवा भारती के तत्वावधान में हुआ पौधारोपण

नवभारत अशोकनगर। रेडक्रॉस सोसायटी एवं सेवा भारती के संयुक्त तत्वावधान में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं स्टाफ द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष एवं जिलाधीश साकेत मालवीय ने कहा कि प्रकृति की रक्षा के लिए पर्यावरण और पेड़-पौधों का होना अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक व्यक्ति को पौधे लगाने के साथ-साथ उनके पालन-पोषण और सुरक्षा की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। पर्यावरण संरक्षण में पेड़ों की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए हमें पौधों को संरक्षित एवं पोषित करने का संकल्प लेना चाहिए।

बड़ा बनना है तो छोड़ना होगा अभिमान: मुनिश्री निरंजन सागर महाराज

नवभारत अशोकनगर। जितने बड़े देव होते हैं, उनमें गति, परिग्रह, विषयों की अभिलाषा और अभिमान उतना ही कम होता है। इसलिए यदि जीवन में बड़ा बनना है, तो सबसे पहले लोभ और मान अभिमान जैसी कषायों को कम करना होगा। यह विचार आचार्यश्री विद्यासागर जी और नवाचार्य श्री समयसागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री निरंजन सागर महाराज ने व्यक्त किए। मुनिश्री वर्तमान में शहर के सुभाष गंज स्थित दिगंबर जैन आदिनाथ जिनालय में अपना चातुर्मास व्यतीत कर रहे हैं और प्रतिदिन धर्म कक्षाएं ले रहे हैं।

राग-द्वेष की समाप्ति ही है भगवान बनने का मार्ग:

मुनिश्री ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए सर्वार्थसिद्धि ग्रंथ के चौथे अध्याय की विस्तृत व्याख्या की। उन्होंने समझाया कि मान कम करने से द्वेष समाप्त होता है और लोभ कम होने पर राग मिट जाता है। जब मनुष्य के भीतर से राग-द्वेष पूरी तरह समाप्त हो जाते हैं, तो उसे भगवान बनने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने बताया कि दिगंबर जैन धर्म के महान आचार्य श्री उमास्वामी द्वारा रचित तत्वार्थ सूत्र की टीका ही सर्वार्थसिद्धि ग्रंथ है, जिसे आचार्य पूज्यपाद स्वामी ने रचा था। वहीं चातुर्मास के दौरान मुनिश्री के सानिध्य में प्रतिदिन धर्म प्रभावना की कक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। दोपहर और शाम के समय सुभाष गंज जैन मंदिर में श्रद्धालुओं को जैन धर्म के प्रमुख ग्रंथों का गहन अध्ययन कराया जा रहा है।

चंदेरी के सागरताल को संवारने में जुटे लोग

सिंधिया ने जताई थी इच्छा, मां जागेश्वरी मंदिर परिसर में चला स्वच्छता अभियान

नवभारत न्यूज

चंदेरी। ऐतिहासिक नगरी चंदेरी की धरोहरों को संवारने की दिशा में पहल शुरू हो गई है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देश के बाद मां जागेश्वरी देवी मंदिर परिसर स्थित ऐतिहासिक सागरताल में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं और आमजन ने भी श्रमदान कर सागरताल परिसर की सफाई की।

दरअसल बीते दिनों केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने चंदेरी में निर्माणाधीन मां जागेश्वरी देवी लोक का निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में बाहर से पत्थर नहीं लाने तथा चंदेरी और ग्वालियर के पत्थरों का उपयोग करने के निर्देश दिए थे। निरीक्षण के दौरान सिंधिया ने मां जागेश्वरी मंदिर परिसर में स्थित सागरताल को भी देखा और इसकी सुंदरता एवं ऐतिहासिक महत्व की सराहना की थी। उन्होंने सागरताल को चंदेरी की महत्वपूर्ण ऐतिहासिक धरोहर बताते हुए इसकी साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए थे। सिंधिया के निर्देश के बाद चंदेरी नगर मंडल अध्यक्ष राहुल शेषा के नेतृत्व में सफाई अभियान आयोजित किया गया। इसमें एसडीएम मनीष धनकर, नगर पालिका आरआई आकाश मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि जगन्नाथ पिप्पल, आरआई सत्येंद्र पुरोहित और पटवारी मुकेश कलावत, भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के सोमेन्द्र जैन, विशम्भर सैंगर और राहुल शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने प्रशासनिक अधिकारियों और आमजन के साथ मिलकर सागरताल परिसर से गंदगी एवं कचरा हटाया।

धरोहर संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी:

नगर मंडल अध्यक्ष राहुल शेषा ने कहा कि सागरताल चंदेरी की ऐतिहासिक पहचान और विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऐसी धरोहरों का संरक्षण केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें आमजन की भागीदारी भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देश के बाद सफाई अभियान शुरू किया गया है और आगे भी ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण एवं स्वच्छता के लिए सामूहिक प्रयास जारी रहेंगे।

बालिका मंडल ने चौथी बार निकाली भव्य कांवड़ यात्रा

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। श्रावण माह के पावन अवसर पर रविवार शहर में बालिका मंडल द्वारा चौथी बार भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन अत्यंत उत्साह और भक्तिभाव के साथ किया गया। दोपहर 2 बजे से आयोजित इस यात्रा में बड़ी संख्या में बालिकाओं और महिला श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ अर्जित किया।

यह भव्य कांवड़ यात्रा विमानों के चबूतरे के पास स्थित श्री लवकुश मंदिर से प्रारंभ हुई, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई श्री तार वाले बालाजी मंदिरपहुंची। पूरी यात्रा के दौरान हर-हर महादेव और जय श्री महाकाल के जयघोषों से माहौल भक्तिमय बना रहा। कांवड़ उठाए बालिकाओं और महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। तो वहीं ढोले में सवार भगवान महाकाल की झांकी ने सभी को अपनी ओर आकर्षित किया। इसके अलावा गांधी पार्क पर महाआरती का आयोजन किया गया।

नारायणपुर में 40 दिवसीय महायज्ञ का समापन

जगतगुरु देवमुरारी बापू ने बताया श्रावण मास में शिव आराधना का महत्व

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। गायत्री परिवार की अखंड ज्योत के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में निष्ठावान भक्तों द्वारा संचालित 40 दिवसीय पंच कुंडीय एकदिवसीय यज्ञ श्रृंखला का समापन ग्राम नारायणपुर में भव्यता के साथ हुआ। 40 दिनों के इस महायज्ञ में कुल सवा लाख आहुतियां अर्पित की गईं। इस अवसर पर जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने क्षेत्र में अच्छी वर्षा के लिए इंद्र एवं वरुण देवता से ग्रामीणों के साथ सामूहिक प्रार्थना करवाई। वहीं धर्मसभा को संबोधित करते हुए जगतगुरु देवमुरारी बापू ने कहा कि श्रावण मास में भगवान शिव और भगवती पार्वती की आराधना करने से सामान्य दिनों की तुलना में 100

गुना अधिक पुण्य फल की प्राप्ति होती है। भोलेनाथ केवल जल और अक्षत अर्पित करने मात्र से अतिशीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं। उन्होंने रावण का उदाहरण देते हुए कहा कि जब रावण ने अपने 10 सिर अर्पित किए, तो भगवान शिव ने प्रसन्न होकर उसे सोने की लंका दान कर दी। शिव जी अत्यंत सरल स्वभाव के हैं, वे अपमान करने वाले का भी बुरा नहीं मानते, परंतु सच्चे मन से आराधना करने वाले भक्तों पर अपनी असीम कृपा बरसाते हैं। यज्ञाचार्य शंभू दयाल साहू के मार्गदर्शन में यज्ञ विधि-विधान से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अमर सिंह रघुवंशी, अजय सिंह, राजेंद्र सिंह, अशोक सिंह, डॉ. हरवीर सिंह, इंजी. रणवीर सिंह, विक्रम सिंह यादव, खुशी लाल कुशवाहा, राजकुमार रघुवंशी, मुकेश सिंह , पवन सिंह यादव, प्रमोद महाराज एवं देवेंद्र शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। यज्ञ की पूर्णाहुति के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने खीर, पूरी और मालपुए का प्रसाद ग्रहण किया।

लवकुश मंदिर पर मना हरियाली तीज उत्सव

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। सहेली महिला मंडल द्वारा लवकुश मंदिर में सावन माह के उपलक्ष्य में श्री सुंदरकांड पाठ एवं हरियाली तीज उत्सव अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर मंडल की सभी बहने पारंपरिक हरी साड़ी और हरी चूड़ियों में नज़र आईं, जिससे मंदिर प्रांगण सावन की हरियाली, समृद्धि और सौभाग्य के रंगों से सराबोर हो उठा। आयोजन के दौरान महिलाओं ने सामूहिक रूप से संगीतमय सुंदरकांड का पाठ कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि सावन का महीना केवल प्राकृतिक बदलाव का उत्सव नहीं है, बल्कि यह श्रद्धा, प्रेम, प्रकृति और नारी शक्ति के अटूट सम्मान का भी प्रतीक है। बहनों की इस सक्रिय सहभागिता और एकता ने कार्यक्रम को बेहद खास और यादगार बना दिया। इस आयोजन की सहयोजिका सरोज शर्मा, नैना शर्मा, अनीता जैन, सपना नायक, किरण कुशवाह एवं आरती ओझा रहीं। कार्यक्रम के समापन पर सहेली महिला मंडल की सभी बहनों का आभार व्यक्त करते हुए ईश्वर से आपसी स्नेह, सौहार्द और खुशहाली बने रहने की प्रार्थना की गई।

आयोजन — **विहिप-बजरंग दल ने निकाली वाहन रैली**

मुंगावली में अखंड भारत संकल्प दिवस पर गूंजा राष्ट्रभक्ति का जयघोष

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। अखंड भारत संकल्प दिवस के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा मुंगावली नगर में एक भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया। हाथों में भगवा ध्वज लिए सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भारत माता के जयघोष और देशभक्ति के नारों के साथ नगर भ्रमण कर राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक गौरव का संदेश दिया।

बस स्टैंड पर आयोजित विशाल सभा को संबोधित करते हुए

बजरंग दल के प्रांत संयोजक अवधेश तिवारी ने कहा कि अखंड भारत का संकल्प हमारी सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय अखंडता का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रहित, सनातन मूल्यों और भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए संगठित होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य देशवासियों में सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को मजबूत करना है। कार्यक्रम में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अंकित जैन बड़कुल, जिला सहमंत्री अरुण जैन, जिला मंत्री कंछेदी दांगी, जिला संयोजक डॉ. दशरथ सिंह, पूर्व जिला संयोजक अजय सिंह यादव, प्रखंड अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राजपूत, प्रखंड मंत्री दीपक जैन और अजय यादव सहित जिलेभर के प्रखंडों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। वहीं रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई बस स्टैंड पहुंची, जहां राष्ट्रभक्ति से सराबोर माहौल में भारत माता की भव्य आरती की गई। इसके बाद सभी उपस्थितजनों ने देश की एकता, अखंडता और स्वाभिमान की रक्षा का सामूहिक संकल्प लिया। अंत में वंदे मातरम् के उद्घोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

51 कांवड़ के साथ निकलेगी यात्रा

शाढ़ौरा। सावन का महीना भगवान शिव की पूजा-अर्चना, व्रत, जलाभिषेक और भक्ति में डूब जाने का सबसे पवित्र समय माना जाता है। सावन के दूसरे सोमवार को प्रात: 6बजे अमोदा रोड से ट्रैक्टर द्वारा पिलिघटा के लिए प्रस्थान करेंगे जंहा से काबड यात्रा सिंध नदी से जल भरकर नगर से विभिन्न मार्गो से होते हुए कुंडलपुर धाम पहुचेगी जहां पर भगवान शिव का जलाभिषेक किया जाएगा।